वी.यू. में विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन

जबलपुर। दिनांक 1 मई 2020। माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति जी न.दे. प.चि.वि.वि, जबलपुर की प्रेरणा एवं निर्देशन में कोरोना (कोविड 19) रोग एवं वैशिवक महामारी को दृष्टिगत रखते हुए, विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में अध्यनरत छात्रों को शिक्षण के साथ अन्न गतिविधियां चलाई जा रही है इस कड़ी में कोरोना रोग से बचाव के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, महाविद्यालयों के छात्रों द्वारा अतुलनीय भारत की परिकल्पना में कमबेट कोविड–19 भारत की वस्तुस्थिती, आंकड़े एवं सुरक्षात्मक उपायों में पर निबंध प्रतियोगिता, वाक चातुर्य प्रतियोगिता कोरोना संक्रमण के अनपेक्षित परिणामों के आधार पर भारतवर्ष का नवनिर्माण स्वरूप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित है जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2020 रखी गई थी। यह आयोजन वि.वि. के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा के मार्गदर्शन मे किया जा रहा है, जिसमें, वि.वि. के तीनो पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, मतस्य महाविद्यालय तथा पांचों पत्रोपाधी महाविद्यालयों के छात्र– छात्रायें प्रतिभागी होंगे। संबंधित विस्तृत दिशा – निर्देश एस. एम.एस, वॉट्सएप समूह व ईमेल के द्वारा छात्रों को संदेश भेजे जा चुके हैं। इस आयोजन के संपन्न होने के बाद परिणामों के आधार पर विजेता प्रतिभागियों को कक्षावार एवं महाविद्यालयों को पुरस्कारों से अलंकृत किया जाएगा।

कोरोना युद्ध हारेगा, भारत विश्व विजेता बनेगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर (म.प्र.)